पाठ 16　階段を上がって、右に行ってください
काइदान् ओ आगात्ते, मिगि नि इत्ते कुदासाइ

店員	いらっしゃいませ。	आइए।
दुकान कर्मी	इराश्शाइमासे।	
アンナ	あのう、マンガ売り場はどこですか。	माफ़ कीजिए, मांगा वाला हिस्सा कहाँ है?
आन्ना	आनोउ, मान्गा उरिबा वा दोको देसु का?	
店員	2階です。	दूसरी मंज़िल पर है।
दुकान कर्मी	階段を上がって、右に行ってください。 निकाइ देसु। काइदान् ओ आगात्ते, मिगि नि इत्ते कुदासाइ।	सीढ़ियों से ऊपर जाकर, दाईं तरफ़ जाइए।

व्याकरण सीखें

① क्रिया के ते-रूप से वाक्य जोड़ें

◈ एक के बाद एक होने वाली क्रियाओं को क्रिया के **ते**-रूप से जोड़ सकते हैं।

उदाहरण)　गोकाइ नि आगारिमासु + हिदारि नि इकिमासु
(पाँचवीं मंज़िल पर जाना)　(बाईं तरफ़ जाना)
⇒　गोकाइ नि आगात्ते, हिदारि नि इकिमासु।
(पाँचवीं मंज़िल पर जाकर, बाईं तरफ़ जाना।)

② दिशाएँ

हिदारि
(बाएँ)

मिगि
(दाएँ)

शब्दों की पोटली

तोन् तोन्

यह शब्द सीढ़ियाँ चढ़ने की आवाज़ बताता है।

यह शब्द दरवाज़ा खटखटाने की आवाज़ बताता है।